**खबर संक्षेप**

### उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में छात्र-छात्राओं का स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया

**भुआबिछिया।** कलेक्टर मण्डला के आदेशानुसार, मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी मंडला एवं खंड चिकित्सा अधिकारी मवई के मार्गदर्शन में आज दिनांक 30/12/2024 को संस्था पीएम श्री एकीकृत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय घोंटा में कक्षा नवमी से बारहवीं तक के छात्र-छात्राओं का स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया जिसमें ऊंचाई, वजन, हीमोग्लोबिन, सिकल सेल, नेत्र परीक्षण और आयुष्मान कार्ड बनाना इत्यादि के साथ दवाइयां वितरण कर उनका उपचार दिया गया इस अवसर पर संस्था प्रमुख एस एल धुर्वे, आरबी बघेल दलसिंह सैयाम , गौतम सिंह बघेल एवं समस्त शिक्षक स्टाफ एवं स्वास्थ्य अमला से उपस्थित रहे डॉक्टर बीएस केराम सुश्री संध्या साहू CHO सुश्री रितु सानसरूदे CHO, सुश्री ममता बघेलCHO, एचएल कुशराम प्रभारी सुपरवाइजर के एस पट्टावी एवं समस्त एएनएम आशा कार्यकर्ता साथ ही राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यकर्ता टीम के मौजूदगी में स्वास्थ्य शिविर संपन्न हुआ।

### आर्या चौरसिया ने जीता गोल्ड मेडल

**मण्डला।** 67वीं नेशनल राइफल चैंपियनशिप में पॉइंट 2-2 रेंज में जिले की बेटी आर्या चौरसिया ने गोल्ड मेडल जीता है यह योगेंद्र चौरसिया श्री राम वार्ड निवासी की सुपुत्री हैं। शूटिंग के क्षेत्र में मध्यप्रदेश एकेडमी शूटिंग अकादमी में अभ्यासरत है।

**वाहन चलाते समय शासकीय अधिकारी, कर्मचारी हेलमेट और सीटबेल्ट पहनें**

# अधिक समय से लंबित प्रकरणों पर करें फोकस

*** समय-सीमा एवं विभागीय समन्वय समिति की बैठक संपन्न।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



समय-सीमा एवं विभागीय समन्वय समिति की बैठक में कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने निर्देशित किया कि सभी अधिकारी, कर्मचारी एक जनवरी 2025 से वाहन चलाते समय अनिवार्य रूप से हेलमेट और सीटबेल्ट लगाएं। मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने कहा कि शिविर के माध्यम से पात्र हितग्राहियों को शासन की योजनाओं का लाभ पहुचाएं। किसी भी पात्र हितग्राही को योजनाओं के लाभ से वंचित रखा जाता है तो हर स्तर पर जिम्मेदारी निर्धारित की जाएगी। बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट, अपर कलेक्टर राजेन्द्र कुमार सिंह एवं अरविंद सिंह, संयुक्त कलेक्टर जेपी यादव, डिप्टी कलेक्टर क्षमा सराफ, आशुतोष ठाकुर सहित समस्त एसडीएम तथा जिला अधिकारी उपस्थित थे।

विभागवार सीएम हेल्पलाईन प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर श्री मिश्रा ने निर्देशित किया कि सभी अधिकारी प्रत्येक प्रकरणों का समय सीमा में सकारात्मक निराकरण करें। प्रकरणों को संतुष्टिपूर्वक निराकरण करने का प्रयास करें। उन्होंने 50 दिवस से अधिक समय से लंबित प्रकरणों पर फोकस करें। उपार्जन की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि उपार्जित धान के परिवहन में गति लाएं। उच्च न्यायालयीन प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने कहा कि प्रत्येक प्रकरणों पर निर्धारित समयावधि में जवाब प्रस्तुत करें। 12 जनवरी को ब्लड डोनेशन कैम्प की तैयारियों के संबंध में चर्चा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने उर्वरक भंडारण, मानव अधिकार आयोग के लम्बित प्रकरण, पीएम आवास की प्रगति, भूमि आवंटन के लंबित प्रकरणों, आयुष्मान कार्ड की प्रगति की समीक्षा, अंतर्विभागीय बिन्दुओं पर चर्चा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए।



### अतिरिक्त सामग्री दान करने के लिए आगे आएं

ठंड के मद्देनजर कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने जिले के लोगों से अपील की है कि आनंदम में अपने घर की अतिरिक्त सामग्री दान करने के लिए आगे आएं। इसी प्रकार जिले के सभी कार्यालय प्रमुख आनंदम दुआओं के घर में उपयोगी कपड़े, पुस्तक, खिलौने, जूते, चप्पल, चूड़ी, बिन्दी एवं अन्य सामग्री अपनी इच्छानुसार दान करें ताकि निर्धन व्यक्ति अपनी जरूरत के अनुरूप सामग्री प्राप्त कर सकें।

## विशेष आवश्यकता वाले बच्चों (सीडब्ल्यूएसएन) के लिए चिकित्सकीय मूल्यांकन शिविरों का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

राज्य शिक्षा केन्द्र के निर्देशानुसार मण्डला जिले के समस्त विकासखण्डों में विशेष आवश्यकता वाले बच्चों (सीडब्ल्यूएसएन) के लिए बहुउद्देशीय चिकित्सकीय मूल्यांकन शिविरों का आयोजन किया जाएगा। इस बात की जानकारी एपीसी के के उपाध्याय द्वारा दी गयी कि इन शिविरों में जिला मेडिकल बोर्ड की उपस्थिति सुनिश्चित की जाएगी। शिविर स्थल पर ही दिव्यांग बच्चों के मेडिकल प्रमाण पत्र बनाए जाएंगे और पुराने प्रमाण पत्रों का नवीनीकरण भी किया जाएगा। इसके अलावा, यदि कोई दिव्यांग बच्चा अन्य किसी बीमारी से पीड़ित है, तो चिकित्सकों द्वारा उचित उपचार और मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा।

शिविर का आयोजन दो चरणों में किया जाएगा। प्रथम चरण में चिकित्सीय मूल्यांकन शिविर 06 जनवरी 2025 से 16 जनवरी 2025 तक आयोजित किया जाएगा। द्वितीय चरण का शिविर भारतीय कृत्रिम अंग निर्माणी रिछाई जबलपुर (एल्मिको) से उपकरण प्राप्त होने के बाद आगामी तिथियों में आयोजित किया जाएगा।

इस आयोजन की पूरी व्यवस्था के लिए विकासखंड स्त्रोत समन्वयकों को निर्देशित किया गया है। विशेष ध्यान रखा जाएगा कि दिव्यांग बच्चों को आवागमन में किसी प्रकार की असुविधा न हो और शिविर स्थल पर बैठने की सुविधाएं उपलब्ध हों। सीपी, बहु विकलांग और अस्थि-बाधित बच्चों के लिए कुर्सियों की व्यवस्था की जाएगी। शिविर का व्यापक प्रचार-प्रसार प्रत्येक विद्यालय तक किया जाएगा ताकि अधिक से अधिक बच्चे लाभ उठा सकें। बच्चों का पंजीकरण और वाहन की व्यवस्था भी की जाएगी।

इस पहल से दिव्यांग बच्चों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं मिलेंगी और उनकी शारीरिक एवं मानसिक स्थिति में सुधार संभव होगा।

# दैनिक जीवन में रहें सावधान, ग्राहकों को किया गया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला




अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत द्वारा ग्राहक जागरण पखवाड़ा के अंतर्गत मण्डला जनपद के ग्राम देवगांव में ग्राहकों को दैनिक जीवन में उपभोग की जाने वस्तुओं के गुणवत्ता, मात्रा और उसके मूल्य में छेड़छाड़ कर की जाने वाली ठगी, साइबर फ्राड, साइबर क्राइम एवं डिजिटल अरेस्ट जैसे विषयों पर विशेष व्याख्यान आयोजित किया गया। ग्राहक जागरूकता के इस कार्यक्रम में ग्राम के सभी जनप्रतिनिधिगण, पंचगण, स्वसहायता समूह की महिलाएं एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां भारती एवं स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। ग्राहक गीत का गायन जिला पर्यावरण प्रमुख लेखराम धनगर जी द्वारा किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में ग्राहक पंचायत के जिला अध्यक्ष सुनीत सोनी जी रहे जिन्होंने ग्राहक पंचायत की रीति-नीति, उद्देश्य एवं ग्राहक प्रबोधन के क्षेत्र में किये जा रहे कार्यों एवं ग्राहक जागरूकता की आवश्यकता क्यों है इस विषय पर प्रकाश डाला। साथ ही उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम की भी जानकारी दी।

व्याख्यान में विशिष्ट अतिथि के रूप में क्षेत्रीय थाना प्रभारी प्रदीप पांडे जी ने साइबर फ्राड, साइबर क्राइम एवं डिजिटल अरेस्ट की रोज हो रही घटनाओं का उदाहरण दिया और बताया कि किस प्रकार से आपके भीतर डर और प्रलोभन देकर व आपको अपनी बातों में उलझाकर साइबर फ्राड करने वाले आपकी गोपनीय जानकारी आपसे हासिल करते हैं और परिणामस्वरूप आप साइबर फ्रॉड का शिकार हो जाते हैं। आपकी लोकेशन आपके कान्टैक्ट नम्बर, फोटो आसानी से उन तक पहुंच जाती है अगर आप बिना सोचे-समझे कोई एप डाउनलोड करते हैं और उसे अनावश्यक परमीशन एसेस देते हैं । इन सबसे बचने के लिए न सिर्फ सतर्कता की आवश्यकता है बल्कि अपने पासवर्ड को मजबूत और सुरक्षित रखने साथ ही सोशल मीडिया की प्राइवेसी भी बहुत जरूरी है यह बात समझाई गई। किसी प्रकार की साइबर फ्राड की स्थिति में 1930 नम्बर का प्रयोग करने या www.cybercrime.gov.in में शिकायत दर्ज करने की प्रक्रिया की जानकारी दी।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता संतोष साहू ने अपने अनुभवों और दैनिक जीवन में उपभोग हो रही वस्तुओं के मूल्य, मात्रा और गुणवत्ता से छेड़छाड़ कर उपभोक्ताओं से ठगी करने के माध्यमों पर प्रकाश डाला गया। वास्तविक घटनाओं का जिक्र करते हुए बताया कि किस तरह सावधानी और सतर्कता के कारण ग्राहक जन ठगी से बचे।

कार्यक्रम का संचालन मंगलेश चक्रवर्ती ने एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे ग्राम के सरपंच दुर्गेश धुर्वे जी ने आभार प्रकट किया। कार्यक्रम में ग्राहक पंचायत के जिला उपाध्यक्ष लक्ष्मीकांत चक्रवर्ती, मनीष उसराठे, क्षेत्रीय जनपद सदस्य प्रकाश पटेल, उपसरपंच सुरेन्द्र पटेल, वरिष्ठ दादूलाल पटेल समेत अन्य लोग उपस्थित रहे।

## e-DAR पोर्टल पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

*** सड़क दुर्घटना की तत्काल जानकारी एवं मुवावजे के तेजी से निपटाने में मददगार।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



सड़क, परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय (MoRTH) ने 'e-DAR' (ई-विस्तृत दुर्घटना रिपोर्ट) नामक पोर्टल विकसित किया है। यह पोर्टल सड़क दुर्घटनाओं की तत्काल जानकारी प्रदान करता है और दुर्घटना के मुआवज़े दावों को तेज़ी से निपटाने में मदद करता है ताकि पीड़ित परिवारों को राहत मिल सके। थाना यातायात में आज दिनांक 30/12/2024 को मंडला पुलिस द्वारा जिले के समस्त थाना से विवेचक स्तर के अधिकारियों एवं सीसीटीएनएस में कार्य करने वाले पुलिसकर्मियों हेतु एकदिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया था। जिन्हें सड़क दुर्घटनाओं से संबंधित डाटा का संकलन व दुर्घटनाओं की विस्तृत जानकारी जो की ऑनलाइन पोर्टल iRAD मोबाइल एप्लीकेशन के माध्यम से किया जा रहा है, के संबंध जानकारी प्राप्त कर। भविष्य में iRAD App का अपडेट वर्जन e-DAR App के माध्यम से डाटा संकलन की प्रक्रिया व संचालन के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई साथ ही ऐप मे जानकारी दर्ज करते समय आने वाली समस्याओं का समाधान NIC के जिला रोल आउट मैनेजर अभिजीत सोनवानी के द्वारा किया गया। इस दौरान थाना यातायात प्रभारी ललित धुर्वे व अन्य पुलिसकर्मी उपस्थित रहें।



**आयोजन** | **माहिष्मती घाट की तर्ज पर शुरू हुई महाराजपुर संगम में नर्मदा आरती।**

# संगम घाट पर भी होगी अब प्रतिदिन नर्मदा आरती

*** महाराजपुर संगम के संतोषी माता घाट पर होगा आयोजन।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



जिला प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों ने नर्मदा तट के माहिष्मती घाट में पंच चौकी महा आरती की उत्कृष्ट परम्परा की शुरुआत की इस आयोजन से प्रेरित होकर महाराजपुर संगम के संतोषी माता घाट में माहिष्मती घाट की नर्मदा आरती की तर्ज पर स्थानीय नर्मदा भक्तों ने सोमवती अमावस्या के अवसर पर आरती की शुरुवात की है। संगम में भव्य आरती सप्ताह में सोमवार और शुक्रवार हो होगी। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि नर्मदा संगम तट पौराणिक मान्यताओं के अनुसार प्राचीन धार्मिक स्थल है, प्रतिदिन हजारों की संख्या में तीर्थ यात्री,पैदल परिक्रमा वासी आते हैं इस लिए यहां भी नर्मदा जी की भव्य रूप में आरती होना चाहिए, कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने गंगा आरती की तरह मंडला में नर्मदा पंच चौकी आरती की शुरुवात कराई है उसकी प्रेरणा से महाराजपुर संगम घाट में महाआरती का संकल्प हमने लिया है जिसे क्रमशः आगे बढ़ाएंगे।



महाराजपुर संगम स्थित संतोषी माता घाट में आरंभ हुई आरती में स्थानीय नर्मदा भक्तों के आग्रह पर कलेक्टर सोमेश मिश्रा शामिल होकर नर्मदा पूजन किया इस अवसर पर एस डी एम मंडला नगरपालिका सीएमओ टी आई महाराजपुर सहित अन्य विभाग के अधिकारी सहित बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित थे।

### कलेक्टर की प्रेरणा से नर्मदा संगम पर स्थानीय नागरिक कर रहे घाटों की सफाई

महाराजपुर संगम घाट में साफ सफाई को लेकर हमेशा समस्या बनी रहती थी लेकिन मण्डला कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने नर्मदा घाटों की सफाई अभियान के तहत महाराजपुर संगम घाट में भी स्वच्छता के लिए अपनी टीम के साथ श्रमदान कर स्थानीय नागरिकों को प्रेरित किया।कलेक्टर की प्रेरणा से आज संगम के संतोषी माता घाट में लगातार स्थानीय नागरिक युवा, मातृशक्ति ने साफ-सफाई का कार्यक्रम संचालित कर घाट को स्वच्छ बनाने का कार्य किया बारिश में मिट्टी से दबे घाट की सफाई की एवं उसमें रंग रोगन भी किया, यहां तक की बोरियों में रेत भरकर अस्थाई घाट का निर्माण किया ताकि लोग सहजता से नर्मदा जी का पूजन कर सके।

## अतिक्रमण कार्यवाही पर लोगों में भारी रोष व्याप्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/भुआबिछिया

नगर पंचायत क्षेत्र भुआ बिछिया में प्रशासन द्वारा किए जा रहे अतिक्रमण कार्यवाही पर लोगों में भारी रोष व्याप्त है, आज 30 दिसंबर को अतिक्रमण के विरोध में सड़क किनारे के अस्थाई दुकानदारों द्वारा विनोद रंगमंच में सामूहिक विरोध प्रदर्शन किया गया, जिसके बाद पुलिस थाना प्रांगण बिछिया में तहसीलदार बिछिया को सभी छोटे-बड़े दुकानदारों द्वारा मुख्यमंत्री एवं कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा गया। लोगों का कहना है कि सड़क किनारे दुकान लगाने वाले लगभग सभी व्यापारी नगर पंचायत में पथ विक्रेता योजना में पंजीकृत हैं एवं नियमित रूप से बाजार ठेकेदार को व्यापार करने का टैक्स भी देते हैं। सड़क किनारे के दुकानदार, पथ विक्रेता, रेड़ी दुकानदार व अन्य सभी छोटे दुकानदारों का कहना है कि हमारे छोटे से व्यवसाय को प्रशासन द्वारा मुंहदेखी अतिक्रमण कार्यवाही कर खत्म किया जा रहा है, जिससे हमारे रोजी रोटी पर गहरा संकट होने से हम सभी भुखमरी की कगार पर हैं। लोगों द्वारा यह शिकायत भी की जा रही है कि प्रशासन अतिक्रमण हटाने के लिए कोई मापदंड तय किए बिना अतिक्रमण कर रहा है, सड़क किनारे राष्ट्रीय राजमार्ग की नाली से अंदर कितने फिट तक अतिक्रमण हटाना है, ये सुनिश्चित नहीं किया गया है। कहीं 2 फिट, कहीं 3 फिट, कहीं 10 फिट और कहीं बिल्कुल भी अतिक्रमण नहीं हटाया गया है, जिससे इस मुंहदेखी कार्यवाही से सबसे ज्यादा गरीब दुकानदारों के हित प्रभावित हो रहे हैं और सबसे अधिक गरीब छोटे दुकानदार की दुकानें ही हटवाई जा रही हैं। तत्संबंध में सड़क किनारे के सभी छोटे दुकानदारों द्वारा मांग की गई है कि चलित ठेला के माध्यम से संपूर्ण नगर पंचायत क्षेत्र में व्यवसाय करने की सुविधा प्रशासन द्वारा मुहैया कराई जाए, अन्यथा उग्र प्रदर्शन और आंदोलन की चेतावनी ज्ञापन के माध्यम से प्रशासन को दी गई है।

## खबर संक्षेप

### माल वाहक की टक्कर से पहुंची चोट

**गाडरवारा।** नगर के पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस समीपस्थ चीचली थाना के अंतर्गत ग्राम आंडेगांव खुर्द निवासी एक व्यक्ति द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि उसके पिता अजमेर कौरव अपने किसी काम से पैदल बरेली बरहटा जा रहे थें। उसी दौरान डमरूघाटी के पास तेज गति से भागते हुये जा रहे माल वाहक वाहन MP49G1772 के चालक द्वारा लापरवाही पूर्वक वाहन को चलाते हुये टक्कर मारकर चोट पहुंचाई जाने पर पुलिस ने आरोपी वाहन चालक के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

### बाईक की टक्कर से घायल

**गाडरवारा।** स्थानीय पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस ग्राम बिजौरी थाना चरगंवा जिला जबलपुर निवासी एक व्यक्ति द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि जब वह लोचन पटैल तथा खुद के ससुर प्रकाश इनवाती व मुन्ना लाल जाटव के साथ किसी काम से कही जा रहा था उसी दौरान जमाडा रोड पर तीनों लोग अपनी मोटर साईकिल को खडा करते हुये कुछ जरूरी नित्य क्रिया का काम कर रहे थें। उसी दौरान मोटर साईकिल क्रमांक MP 49 MC 8800 के चालक द्वारा अपनी मोटर साईकिल को तेज गति तथा लापरवाही पूर्वक चलाते हुये इन लोगों को टक्कर मारते हुये घायल किये जाने पर पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर आरोपी मोटर साईकिल क्रमांक MP 49 MC 8800 के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

### स्कूटी की टक्कर से पहुंची चोट

**गाडरवारा।** नगर के पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस स्थानीय वियज कालोनी निवासी एक युवक द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि मैं तथा मेरे पिताजी मोहम्मद सिराज विजय कालोनी शंकर मंदिर के सामने रोड के किनारे खड़े होकर स्कूल वाली बस का इंतजार कर रहे थें। उसी दौरान एक स्कूटी क्रमांक MP 49 ZF 2580 का चालक अपनी स्कूटी को तेज गति व लापरवाही पूर्वक चलाते हुये लाया तथा प्रार्थी के पिता मोहम्मद सिराज को टक्कर मार दी जिसके उनको चोटे अपने पर उपचार हेतु शासकीय चिकित्सालय ले जाया गया। वही घटना को लेकर पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर आरोपी स्कूटी चालक के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

### युवक के साथ मारपीट करते हुये चोट पहुंचाई

**गाडरवारा।** समीपस्थ सालीचौका पुलिस चौकी से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस अर्जुन पावसार पिता हुकुमचंद भावसार उम्र 27 साल निवासी बरेली जिा रायसेन द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है के मै विंध्यावासनी मायिनंग बर्कस एल एल पी कंपनी में काम करता हूं। बीते हुये दिवस उक्त कंपनी के खनिज जांच नाका पौडार पर पर जक मै काम कर रहा था उसी दौश्रान सालीचौका निवासी आशू खरे नामक युवक आया और बोला की किसके आदेश से चैक पोस्ट पर काम कर रहा है। इसी बात को लेकर गंदी गंदी गालिया देते हुये मारपीट करते हुये चोटे पहुंचाई तथा जान से मारने की धमकी दी गई। घटना को लेकर पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

### माल वाहन को हार्वेस्टर ने मारी टक्कर

**गाडरवारा।** नगर के पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस खंडवा जिले के हरसूद निवासी एक व्यक्ति द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि उसकी गाड़ी क्रमांक MP13GA8042 को बीते हुये दिवस प्याज भरकर गाडरवारा ड्राईवर मनीष राजपूत ले जा रहा था। जिसने सूचना दी गई कि ग्राम नांदनेर के पास एक हार्वेस्टर क्रमांक PB13V6784 के चालक द्वारा तेज गति व लापवाही पूर्वक चलाते हुये टक्कर मार दी गई। घटना में माल वाहन के चालक मनीष को चोटे आने पर पुलिस ने आरोपी हार्वेस्टर के चालक के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

## शायद बड़ी घटना के बाद खुलेगी प्रशासन की नींद

# तेंदूखेड़ा बाघाकुडी मार्ग की सीतारेवा नदी पर बना पुल जर्जर स्थिति में होने के बाद भी नहीं दिया जा रहा ध्यान

### निचला भाग लगातार खोखला होकर बड़ी दुर्घटना को दे रहा है आमंत्रण...?

**हरिभूमि न्यूज/सिंहपुर छोटा।** अक्सर देखा जाता है कि जब क्षेत्र में कोई बड़ी घटना घटित हो जाती है उसके बाद अधिकारियों से लेकर अन्य जिम्मेदारों द्वारा लोगों की मदद के लिये अनेक बादे किये जाने लगते है। मगर समय रहते हुये सचेत हो जाया जावे तो इस प्रकार से घटित होने वाली घटनाओं को रोका भी जा सकता है? पूर्व में घटित हुई घटनाओं की सच्चाई पर गौर किया जावे तो निश्चित ही वह प्रशासनिक अधिकारियों व जिम्मेदारों द्वारा बरती जाने वाली उदासीनता का ही परिणाम सामने आने से नही चूक पाये है..? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई इस समय चीचली जनपद क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले तेंदूखेड़ा से बाघाकुडी जाने वाले मार्ग पर देखने मिल रही है जहां पर बताया जाता है कि जर्जर स्थिति में पहुंच चुके हुये पुल को लेकर प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा उदासीनता का रवैया अपनाया जा रहा है उससे लग रहा है कि शायद किसी बड़ी घटना का इंतजार किया जा रहा हो..? सूत्रों की जानकारी के अनुसार बताया जाता है कि जनपद पंचायत चीचली के अंतर्गत आने वाले ग्राम तेंदूखेड़ा से बाघाकुडी की ओर जाने वाली प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत लगभग 14 वर्ष पहले बने हुये इस मार्ग पर ग्राम तेंदूखेड़ा व रातीकरार के बीच पड़ने वाली सीतारेवा नदी पर बने हुये पुल की स्थिति जर्जर होन





जाने के बाद भी प्रशासन द्वारा इसे जिस तरह से नजर अंदाज किया जा रहा है उसके चलते प्रतिदिन इस पुल के ऊपर से जहां भारी भरकम बडे वाहन धडल्ले से दौड़ते हुये देखे जा रहे है। वही दूसरी ओर क्षेत्र के लोगों का आना जाना लगा रहता है, जिसके चलते किसी दिन कोई बड़ी घटना घटित होने की संभावना से इंकार नही किया जा सकता है..? बताया जाता है कि वर्ष 2010 में तेंदूखेड़ा व रातीकरार के बीच पड़ने वाली सीतारेवा नदी पर पुल का निर्माण हुआ था जिसकी गुणवत्ता को लेकर शुरू से ही सबाल उठ रहे थें। मगर बीते हुये कुछ साल पहले सीतारेवा नदी में आई हुई बाढ़ के दौरान इस पुल पर दरार निकल आने के कारण पुल जर्जर स्थिति में पहुंच चुका था। इस सच्चाई को हरिभूमि द्वारा उस दौरान प्रमुखता के साथ से उजागर किये जाने के साथ साथ अधिकारियों को भी इस सच्चाई से अवगत कराया गया था। मगर शायद इस सच्चाई को अधिकारियों द्वारा गंभीरता से नही लिया गया होगा जिसका परिणाम कुछ वर्षो से यह पुल जर्जर स्थिति में होने के बाद भी नजर अंदाज किये जाने से बड़ी घटना को आंमत्रण देते हुये भगवान भरोसे चलते हुये देखा जा रहा है? बताया जाता है कि इस पुल का नीचे का भाग लगातार नदी के पानी के बाहव में कटते हुये बह रहा है और पुल नीचे ही नीचे खोखला होते चला जा रहा है..? इस प्रकार से पुल का काफी भाग नदी में बह जाने के बाद अब पुल की स्थिति इस प्रकार से दिखाई देने लगी है कि भगवान भरोसे रहते हुये कभी भी पूर्णरूप से धराशायी होने की संभावना से इंकार नही किया जा सकता है? मगर इसके बाद भी प्रशासन द्वारा इस सच्चाई को नजर अंदाज किये जाने का परिणाम है कि इस पुल के ऊपर से प्रतिदिन जहां अनेक प्रकार के वाहनों को निकलते हुये देखा जा रहा है। वही दूसरी इस क्षेत्र में निवास करने वाले लोग के लोग भी इसी पुल के ऊपर से प्रतिदिन निकल रहे है। इस तरह बरती जा रही उदासीनता के चलते निश्चित ही यह पुल किसी दिन कोई बड़ी घटना का कारण बनते हुये क्षेत्रवासियों की जान को खतरा में डालने की संभावना से इंकार नही किया जा सकता है? इस प्रकार से पुल के नीचे से लगातार पानी के बहाव में टूट रहे हिस्से के चलते पुल निर्माण में अपनाई गई गुडवत्ता की सच्चाई भी उजागर होने से नही चूक पा रही है। क्योंकि पुल के नीचे से निकल रही गिट्टी इस बात को उजागर करने कोई कसर नही छोड़ रही है कि निर्माण कार्य करने वाली कंपनी द्वारा इस पुल के निर्माण में मशीन से टूटी हुई काली गिट्टी की जगह इसी नदी की गोल वाली गिट्टी का उपयोग करते हुये निर्माण किया गया होगा और शायद इसी का परिणाम है कि इस पुल के टूटने की शुरूआत हो गई है तथा पुल का टूटता हुआ भाग अपने निर्माण की गुणवत्ता को उजागर करने लगा है? जबकि हरिभूमि द्वारा पुल के निर्माण के दौरान जिस प्रकार से निर्माण करने वाली एजेन्सी द्वारा निर्माण कार्य में जो गुणवत्ता अपनाई जा रही थी उसे लगातार उजागर किया गया था। मगर उस समय प्रधानमंत्री सड़क से जुडे हुये अधिकारियों द्वारा माँ लक्ष्मी जी के आर्शीवाद के चलते ध्यान नही दिया गया जिसका परिणाम है यह पुल अपनी जिन्दगी की अंतिम सांसे गिनते हुये दिखाई देते हुये प्रतीत होने से नही चूक रहा है? यदि सच्चाई पर गौर किया जावे तो जिस तरह से पुल के निचले भाग से निकल रही गोल गिट्टी इस सच्चाई उजागर कर रही है कि वह गिट्टी इसी नदी से उठाई गई है तो इस बात को लेकर वन विभाग की भूमिका भी संदिग्ध बनने से नही चूक पा रही है..? क्योंकि नदी का यह भाग वन विभाग क्षेत्र में आता है और जब इस पुल का निर्माण कार्य करने वाली कंपनी द्वारा यदि इसी नदी से गिट्टी उठाते हुये उपयोग की गई थी तो फिर वन विभाग द्वारा कोई कार्यवाही क्यों नही की गई थी। खैर इस सच्चाई को तो काफी समय बीत चुका है? मगर वर्तमान समय में जिस प्रकार से सीतारेवा नदी पर बना हुआ यह पुल लगातार जर्जर स्थिति में पहुंच जाने के बाद भी प्रशासन द्वारा सच्चाई को नजर अंदाज करते हुये उसे पर से निकलने वाले वाहनों की आवाजाही पर रोक नही लगा रहा है उससे क्षेत्रवासियों की जिन्दगी को जरूर वर्तमान समय में खतरा पैदा होते हुये दिखाई देने से नही बच पा रहा है? इस प्रकार से प्रशासन के अधिकारियों द्वारा बरती जा रही उदासीनता से यह अनुमान लगते हुये जान पड़ रहा है कि शायद जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा ही क्षेत्र में कोई बड़ी घटना का इंतजार किया जा रहा हो..?

# डीएसपी मिश्रा के साथ टीआई केवट की टीम नगर भ्रमण करते हुये संदिग्धों पर रखे हुये है पैनी नजर



### मनमानी करने वालों पर की जायेगी दंडात्मक कार्रवाई

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** कल बुधवार से शुरू हो रहे नववर्ष 2025 को दृष्टिगत रखते हुए जिला पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में विशेष अभियान चलाते हुये आमजनों की सुरक्षा को लेकर चाकचौबंद व्यवस्था बनाई गई है। इस सुरक्षा व्यवस्था के दौरान शरारती तत्वों पर पैनी नजर रखी जा रही है। वही दूसरी ओर शांति भंग करने वालों के विरूद्ध भी सख्त कार्यवाही का मन बनाया गया है। बताया जाता है कि नववर्ष के दौरान संचालित होने वाली गतिविधियों को ध्यान में रखते हुए नगर पुलिस द्वारा दो दिवसीय विशेष अभियान चलाया जाकर नियम विरूद्ध वाहन चलाने वालों के विरूद्ध चालानी कार्यवाही की जावेगी साथ ही फिक्स प्वाइन्ट के साथ-साथ पुलिस द्वारा पेट्रोलिंग भी की जा रही हे। नगर सहित क्षेत्र के अंतर्गत आमजनों की सुरक्षा को लेकर चाकचौबंद रहेगी सुरक्षा व्यवस्था। इस संबंध में उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा का कहना है कि क्षेत्रों में फ्लैग मार्च निकाला जाकर थाना क्षेत्रों में पुलिस टीमों द्वारा लगातार भ्रमण कर असामाजिक तत्वों एवं गुण्डे बदमाशों पर सतत निगरानी रखी जा रही है साथ ही विभिन्न संवेदनशील स्थानों में फिक्स प्वाईन्ट लगाकर पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारियों की डियूटी लगायी गयी है। सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए लगातार वाहन चैकिंग, रेल्वे स्टेशन, बस स्टेण्ड, सार्वजनिक स्थलों की भी सर्चिंग की जा रही है एवं बाहर से आने-जाने वालों एवं संदिग्घों पर भी निगरानी रखी जा रही है। साथ ही संपूर्ण जिला अंतर्गत हुड़दंग करने वालों एवं शांति भंग करने वालों के विरूद्ध कठोर कार्यवाही की जावेगी। इसी प्रकार से नगर निरीक्षक प्रियंका केवट द्वारा बताया गया कि नया वर्ष मनाने के लिये किसी को मना नही है। मगर वह पूर्ण कायदे कानून में रहते हुये नये वर्ष की खुशियों में डूबे रहे। मगर उनकी खुशी किसी के लिये दुखदायी न बने। वही दूसरी ओर रात के समय किसी भी तरह की सड़को व अन्य जगहों पर हुडदंग लीला को स्वीकार नही किया जावेगा। गाडरवारा नगर में जिस तरह शांति प्रिय रहने वाले संस्कार बने हुये उन्हें कायम रखते हुये नया वर्ष मनाये। क्योंकि हुडदंग लीला मचाने वालों के खिलाफ पुलिस कार्यवाही करने के लिये इस तरह के लोगों पर पैनी नजर रखे हुये है। वही दूसरी ओर सड़को पर शराब पीकर तेज गति में वाहन दौड़ाने के साथ साथ मोटर साईकिलों पर तीन सबारी बैठकर चलाने वालों पर भी कार्यवाही की जा रही है। इसी के चलते हमारी टीम नगर में जगह जगह तैनात रहेगी इस तरह नियमों को उल्लघंन करने वालों को किसी भी स्थिति में छोड़ा नही जावेगा। इस तरह पुलिस द्वारा लगातार दी जा रही मझाईश के बाद भी यदि कोई नही मानता है तो उन्हें कृष्ण जन्म स्थली के दर्शन कराने के लिये पुलिस पीछे नही रहेगी।

# आदर्श स्कूल में आयोजित किया विधिक साक्षरता शिविर

### छात्रों को अपराधों के संबंध में जरूरी जानकारियाँ देते हुये किया जागरूक



**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** क्षेत्र व देश दुनियाँ में घटित हो रही अपराधिक घटनाओं के प्रति छात्रों को जागरूक करने के लिये बीते हुये दिवस नगर के शासकीय आदर्श स्कूल में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। बताया जाता है कि नगर के आदर्श उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में तहसील विधिक सेवा समिति गाडरवारा के अध्यक्ष एवं जिला न्यायाधीश मा.डॉ श्रीमती अंजली पारे द्वारा विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। उक्त विधिक साक्षरता शिविर मे छात्रों को लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 एवं महिलाओं के विरूद्ध अपराधों के संबंध में विधिक जागरूकता लाने के साथ साथ मोटर व्हीकल एक्ट यातायात एवं साइबर क्राइम के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी देने के साथ साथ इन अपराधों से बचाने के प्रति जागरूक किया गया। आयोजित किये गये उक्त शिविर मे प्राचार्य एस के मिश्रा, श्रीमती निशा चौहान, आर पी महिलांग, श्रीमती प्रीति चौधरी,श्रीमती अर्चना नामदेव, श्रीमती ज्योति शर्मा, आर के नाहर, एस पी ढिमोले, देवेंद्र बसेडिया, विधिक सेवा से पीएल व्ही शेख रहीम ,बृजेश मेहरा सहित संस्था के शिक्षकगणों सहित छात्र मौजूद रहे। इस दौरान अन्य वक्ताओं के द्वारा इस सच्चाई से भी अवगत कराया गया कि स्कूलों में अध्ययन करने वाले छात्रों को इस तरह के घटित होने वाले अपराधों के संबंध में इस तरह की जागरूकता बहुत जरूरी होती है। क्योंकि अपराधिक घटनाओं के संबंध में जानकारी होने के चलते अनेक लोग अपराधिक घटनाओं को अंजाम देने के पहले अनेकों बार सोचने के लिये मजबूर हो जाते है जिसके चलते अपराधिक घटनाओं को रोकने में अहिम हो जाता है तो दूसरी ओर यदि किसी के साथ किसी भी प्रकार की अपराधिक घटना घटित होती है तो वह इस जागरूकता के चलते कानून की मदद लेने के लिये मार्ग दर्शन मिल जाता है। इस तरह के शिविर किशोर के लिये जरूरी होते है।

# महिलाओं ने सोमवती अमावस्या पर व्रत धारण करते हुये तुलसी माता का पूजन कर लगाई 108 परिक्रमा

**हरिभूमि न्यूज / गाडरवारा।** सोमवती अमावस्या के दिन कई सुहागिन महिलाएं अपने पति की लंबी आयु के लिए व्रत रखती हैं और विधि विधान शिव-पार्वती की पूजा करती हैं। तथा इस दिन तुलसी माता तथा कुछ महिलाये पीपल के पेड़ की परिक्रमा भी करती हैं। मान्यताओं अनुसार सोमवती अमावस्या का व्रत बेहद शक्तिशाली माना जाता है। ये व्रत जीवन के सभी कष्टों से छुटकारा दिलाता है। इसी के चलते काफी लम्बे अंतराल बाद पड़ी सोमवार को सोमवती अमास्या के चलते जहां क्षेत्र के नर्मदा तटों पर भीड़ देखने मिली तो दूसरी ओर महिलाओं ने अपने घरों में ब्रत धारण करते हुये तुलसी माता का पूजन करने के साथ 108 परिक्रमा लगाई गई। वही सोमवती अमावस्या के मौके पर पौराणिक कथा के अनुसार बताया जाता है कि एक साहूकार के एक बेटी और सात बेटे थे। उसकी बेटी का विवाह नहीं हुआ था, जिससे वह परेशान था। ऐसे में एक साधु ने साहूकार की पत्नी को आशीर्वाद दिया। लेकिन उन्होंने कभी उनकी बेटी को आशीर्वाद नहीं दिया। इसके बारे में जब उन्होंने साधु से पूछा तो वह बिना कुछ कहें वहां से चले गए, जिसकी वजह वह चिंतित हो गए। साहूकार ने एक पंडित जी से सलाह ली।पंडित जी ने बताया की यदि बेटी का विवाह हुआ तो जीवन विधवा के रूप में बिताना पड़ेगा। ऐसे में पंडित जी ने सलाह दी की द्वीप में एक धोबिन से सिन्दूर ले और उसके बाद विधिपूर्वक सोमवती अमावस्या व्रत करे। ऐसा करने से उसकी किस्मत चमक सकती है। उसकी बेटी ने ठीक ऐसा ही किया। जब बेटी द्वीप पर पहुंची तो उनकी सहायता की जिससे धोबिन बहुत प्रसन्न हुई। इसके बाद धोबिन को बेटी के अच्छे कामों के बारे में पता चला और उसने हाथों से सिन्दूर देकर उसकी खुशहाली की कामना की। इसके बाद विधि पूर्वक बेटी ने सोमवती अमावस्या का व्रत किया और विवाह करके सुखी जीवन व्यतीत किया। वही कथा को लेकर यह भी बताया जाता है कि एक गरीब ब्राह्मण परिवार था। उस परिवार में पति-पत्नी के अलावा एक पुत्री भी थी। वह पुत्री धीरे-धीरे बड़ी होने लगी, उस पुत्री में समय और बढ़ती उम्र के सभी स्त्रियोचित गुणों का विकास हो रहा था। वह लड़की सुंदर, संस्कारवान एवं गुणवान थी। किंतु गरीब होने के कारण उसका विवाह नहीं हो पा रहा था। एक दिन उस ब्राह्मण के घर एक साधु महाराज पधारें तो वह उस कन्या के सेवाभाव से काफी प्रसन्न हुए। कन्या को लंबी आयु का आशीर्वाद देते हुए साधु ने कहा इस कन्या के हथेली में विवाह योग्य रेखा नहीं है। तब ब्राह्मण दम्पति ने साधु से उपाय पूछा कि कन्या ऐसा क्या करें कि उसके हाथ में विवाह योग बन साधु ने कुछ देर विचार करने के बाद अपनी अंतर्दृष्टि से ध्यान करके बताया कि कुछ दूरी पर एक गांव में सोना नाम की धोबिन जाति की एक महिला न बेटे और बहू के साथ रहती है, जो बहुत ही आचार-विचार और संस्कार संपन्न तथा पति परायण है। यह कन्या उसकी सेवा करे और वह महिला इसकी शादी में अपने मांग का सिंदूर लगा दें और उसके बाद इस कन्या का विवाह हो तो इस कन्या का वैधव्य मिट सकता है। साधु ने यह भी बताया कि वह महिला कहीं आती-जाती नहीं है। यह बात सुनकर ब्राह्मणी ने अपनी बेटी से धोबिन की सेवा करने की बात ही। अगले ही दिन कन्या प्रातः काल ही उठ कर सोना धोबिन के घर जाकर, साफ-सफाई और अन्य सारे करके अपने घर वापस आ जाती। एक दिन सोना धोबिन अपनी बहू से पूछती है कि तुम तो सुबह ही उठकर सारे काम कर लेती हो और



पता भी नहीं चलता। बहू ने कहा-मां जी, मैंने तो सोचा क आप ही सुबह उठकर सारे काम खुद ही खत्म कर लेती हैं मैं तो देर से उठती हूं। इस पर दोनों सास-बहू निगरानी करने लगी कि कौन है जो सुबह ही घर का सारा काम करके चला जाता है। कई दिनों के बाद धोबिन ने देखा कि एक कन्या अंधेरे घर में आती है और सारे काम करने के बाद चली जाती है। जब वह जाने लगी तो सोना धोबिन इसके पैरों पर गिर पड़ी, पूछने लगी कि आप कौन है और इस तरह छुपकर मेरे घर की चाकरी क्यों करती हैं? तब कन्या ने साधु द्वारा कही गई सारी बात बताई। सोना धोबिन पति परायण थी और उसमें तेज था। वह तैयार हो गई मगर सोना धोबिन के पति थोड़ा अस्वस्थ थे। उसने अपनी बहू से अपने लौट आने तक घर पर ही रहने को कहा। सोना धोबिन ने जैसे ही अपने मांग का सिन्दूर उस कन्या की मांग में लगाया, उसका पति मर गया। उसे इस बात का पता चल गया। वह घर से निराजल ही चली थी, यह सोचकर की रास्ते में कहीं पीपल का पेड़ मिलेगा तो उसे भंवरी देकर और उसकी परिक्रमा करके ही जल ग्रहण करेगी। उस दिन सोमवती अमावस्या थी। ब्राह्मण के घर मिले पूए पकवान की जगह उसने ईंट के टुकड़ों से 108 बार भंवरी देकर 108 बार पीपल के पेड़ की परिक्रमा की और उसके बाद जल ग्रहण किया। ऐसा करते ही उसके पति के मुर्दा शरीर में वापस जान आ गई। धोबिन का पति वापस जीवित हो उठा। इस तरह सोमवती अमावस्या के मौके पर महिलाये माता तुलसी के पेड़ तथा कुछ महिलाये पीपल के पेड़ की परिक्रमा लगाते हुये अपने पति की लम्बी उम्र के लिये ब्रत धारण करती है।

# विश्नोई समाज ने निकाली गुरु जम्भेश्वर महाराज की धूमधाम के साथ भव्य शोभा यात्रा

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** नगर में बीते हुये सोमवार को पौष व सोमवती अमावस्या के अवसर पर गुरु जंभेश्वर महाराज विशाल शोभा यात्रा नगर के विश्नोई समाज द्वारा निकाली गई । बताया जाता है की स्थानीय नरसिह वार्ड स्थित विश्नोई मंदिर में सामाजिक बंधुओ द्वारा सुबह 7 बजे 10 बजे तक हवन पूजन किया गया। इसके उपरांत 11बजे से भव्य शोभा यात्रा मंदिर परिसर से प्रारंभ हुई जो चौकी मुहल्ला से चावड़ी रोड से निकलते हुये महावीर भवन पहुंची तथा शक्ति चौक से श्याम टाकीज मार्ग से निकलते हुये शिवालय चौक, सब्जी मंडी, पुरानी गल्ला मंडी से सराफा बाजार के बाद झंडा चौक से वापिस चौकी होते हुए विश्नोई मंदिर पहुंचकर शोभायात्रा का समापन हुआ। इस तरह नगर के प्रमुख मार्गो से निकली गुरु जंभेश्वर महाराज की शोभायात्रा में बेंड बाजो के साथ नृत्य करते हुए घोड़े चल थें। वही विश्नोई समाजिक बंधु हाथों में पोस्टर लेकर चल रहे थे जो प्रेरणा दायक संदेश दे रहे थे । वही दूसरी ओर पुरुष वर्ग सफेद वस्त्र में टोपी लगाए हुए श्रद्धा भाव के साथ कतार में गुरु जंभेश्वर महाराज का स्मरण कर उत्साह के साथ चल रहे थे तो दूसरी ओर महिला वर्ग पीताम्बर याने की पीले वस्त्र धारण किये हुये इस शोभायात्रा को मनोरम बनाने में कोई कसर नही छोड़ रही थी। इस तरह शोभा यात्रा में डीजे पर धार्मिक भजन एवं ट्रैक्टर ट्राली पर गुरु जंभेश्वर महाराज का भव्य तेल चित्र मुख्य आकर्षण का केंद्र बना हुआ था। वही नगर में निकाली गइ्र इस शोभायात्रा के दौरान जगह-जगह विश्नोई समाज के लोगों ने शोभा यात्रा का स्वागत करते हुए पूजा अर्चना की गई। वही भगवान राधा कृष्ण की वेशभूषा में भजनों पर नृत्य करते हुए कलाकार सभी का मनमोह रहे थे । शोभा यात्रा में बच्चों की झांकियां एवं मातृ शक्ति पीले वस्त्र धारण किए हुए क्रमबद्ध तरीके से चल रही थी । विश्नोई समाज द्वारा निकाली गई शोभायात्रा को व्यवस्थित तरीके से संचालित किया गया । शोभा यात्रा के पश्चात भोजराज की धर्मशाला में भोजन प्रसादी का आयोजन किया गया जो दोपहर 4 बजे तक चलता रहा। विश्नोई समाज कार्यकारिणी समिति ने शोभा यात्रा एवं विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल हुए स्वजाति बंधुओ के सहयोग को लेकर हर्ष व्यक्त किया गया।



# सालीचौका क्षेत्र में लगातार बढ रहे नशे के काले कारोबार पर अंकुश लगना जरूरी



**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** समीपस्थ सालीचौका क्षेत्र की स्थिति इस तरह देखने मिल रही है कि इस क्षेत्र में मादक पदार्थो का अवैध कारोबार लगातार अपनी गति पकड़ने में कोई कसर नही छोड़ रहा है। बताया जाता है कि शराब के बाद क्षेत्र में अन्य नशीली चीजो की बिक्री में इजाफा होने से युवा पीढ़ी बर्बाद होने की कगार पर आने लगी है? नगर में आसानी से मिलने वाली महॅगी सिगरेटो के फॅूकने के दौरान युवाओं, किशोरो का लगभग नियमित मदिरा पान करने से घरो का माहौल बिगड़नें की जहां शुरूआत हो गयी है, वही शहरवासी भी शहर के युवाओं के भविष्य को लेकर चिंतित नजर आने लगे है। वही दूसरी ओर भरोसे मंद सूत्रो के अनुसार इन दिनों नशे के कारोबार में नया मोड़ आ गया है तथा तत्वो द्वारा स्मैक तथा अन्य ऐसे नशीले पदार्थ भी बेचे जाने लगे है? जिनका उपयोग युवाओं के घातक है। मगर इसके बाद भी बताया जात है कि इन पदार्थो का पहली बार प्रयोग करने के बाद गरीब, युवा इसके आदी हो जाते है और इन नशीली चीजो के न मिलने से उनका शरीर छटपटाने लगता है। विदित हुआ है कि आजकल युवक बेधड़क नशीली दवाओं व इंजेक्शनों का इस्तेमाल कर रहे है और कथित तौर पर नशा करने के लिए उनकी तरफ डबल रोटी के स्लाईस पर आयोडेक्स भी खाया जा रहा है। जागरूक क्षेत्र के लोगों का कहना है कि शायद पुलिस लिखा पढ़ी सें बचने नशे के कारोबार पर प्रतिबंध लगाने प्रयास नही कर रही है, जिसका नतीजा है कि नशीली चीजें बिकने से नगर का वातावरण खराब होने के साथ अधिकतर वे युवा बर्बादी की राह पर कदम बढ़ा रहे है जिनके कंधो पर बूढ़े मॉ, बाप, भाई, बहिनो की देख भाल की सीधी जिम्मेदारी है, फिलहाल शहर में नशीली चीजो की बिक्री की रोकथाम की गुहार उठने लगी है, जिसे गंभीरता से सुन पुलिस को अब नशीली चीजो के विक्रय पर रोक लगाना जरूरी हो गया है।

# सीएम राइज स्कूल शहपुरा में कैरियर काउंसलिंग का हुआ आयोजन



**कैरियर काउंसलर प्रशांत साहू ने स्कूल की छात्राओं को दी आवश्यक जानकारी**

**शहपुरा।** सीएम राइज विद्यालय शहपुरा में कैरियर काउंसलर प्रशांत कुमार साहू के द्वारा कक्षा 10 वीं एवं कक्षा 12वीं के बच्चों को कैरियर मार्गदर्शन प्रदान किया। जिसमें विद्यार्थियों को उनकी रुचिए क्षमता एवं अवसर के अनुसार अपने आप का आंकलन करके सिद्धांत के अनुसार अपनी शक्ति कमजोरी अवसर एवं बाधाएं पर विचार करने के उपरांत ही अपने करियर को चुनने की सलाह दी गई । कार्यक्रम में रुचिए क्षमता एवं अवसर के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई एवं बताया गया कि हम अपनी रुचिए क्षमताए अवसर को कैसे जाने इसके बारे में बताया गया। इसके उपरांत बच्चों को जानकारी दी गई एवं यह समझाइश दी गई कि इन सभी बातों पर विचार करने के बाद ही कक्षा 10 वीं के बच्चों को कक्षा 11वीं में कौन से विषय लेना है तथा कक्षा 12वीं के बच्चों को भविष्य के लिए किस तरह प्लानिंग करना चाहिए यह बताया गया। इसके साथ ही इस कार्यक्रम में कक्षा 12वीं के विषय गणितए जीव विज्ञानए कलाए कृषिए कॉमर्स एवं होम साइंस विषय को लेकर किन.किन क्षेत्रों में कैरियर बनाने के अवसर हैंए इस पर जानकारी दी गई साथ ही इन क्षेत्रों में जाने के लिए विद्यार्थियों को कौन.कौन सी परीक्षाएं देनी होगी और उन परीक्षाओं की तैयारी के लिए क्या रणनीति बनाई जाएए इस पर विस्तार से चर्चा की गई। इसके बाद जिन कोर्स में प्रवेश मिल जाता हैए उसमें शासन की तरफ से किस तरह वित्तीय सहायता की जाती है इन सब के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया। विद्यार्थियों के लिए यह सत्र बहुत उपयोगी और अच्छा रहा। इसमें संस्था के प्राचार्य यशवंत साहू सहित विद्यालय स्टाफ का विशेष सहयोग रहा।

# नर्मदा घाट में हजारों श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी

30 दिसंबर को साल की आखिरी अमावस्या मनाई गई। सोमवती अमावस्या पर्व पर नर्मदा स्नान को लेकर सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ देखने को मिली। कहते हैं इस दिन जो मां नर्मदा में स्नान ध्यान और पूजा पाठ करता है उसे विशेष पुण्य की प्राप्ति होती है। दूसरी ओर जिले भर मे पूर्ण उत्साह के साथ महिलाओं ने सुख-समृद्धि और परिवार की खुशहाली के लिए विशेष पूजा-अर्चना की।

अनूपपुर

इस दिन जो कोई मां नर्मदा में स्नान ध्यान और पूजा पाठ करता है। उसे विशेष पुण्य की प्राप्ति होती है। सोमवती अमावस्या के दिन भगवान शिव की पूजा और उपासना का विधान बताया गया है। कुछ लोग सोमवती अमावस्या के दिन व्रत भी रखते हैं। इस दिन सुहागिन महिलाएं अपने पति की लंबी उम्र की कामना करते हुए व्रत रखती हैं। इसके बाद पीपल के पेड़ में शिव जी का वास मानकर उसकी पूजा और परिक्रमा करती हैं। इसी बीच सोमवार की सुबह से ही नर्मदा घाट पर भक्तों का सैलाब देखने को मिला। हजारों की संख्या में कड़ाके की ठंड में श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई वही जिला मुख्यालय समेत पूरे जिले भर मे उत्साहपूर्वक महिलाओं ने पूजा कर भगवान को प्रसन्न करने का प्रयास किया। इस दिन विशेष रूप से पीपल के वृक्ष के चारों ओर फेरी देने की प्रथा सदियों से चली आ रही है।



## पवित्र नगरी में श्रद्धालुओं ने नर्मदा में लगाई आस्था की डुबकी

प्रमुख धार्मिक तीर्थ स्थल पावन पवित्र नगरी अमरकंटक में पौषी अमावस्या पौष मास की सोमवती अमावस्या के शुभ एवं पावन अवसर पर सौभाग्यवती सुहागिन महिलाओं ने अपने पति संतान तथा परिवार एवं समाज के सुदीर्घ यशस्वी मंगलमय स्वस्थ जीवन की कामना के लिए पीपल के वृक्ष की अपनी शक्ति सामर्थ्य के अनुसार फेरी परिक्रमा लगाई। सौभाग्यवती एवं सुहागिन महिलाओं द्वारा नर्मदा उद्गम स्थल परिसर के सामने तथा अन्य स्थलों पर भगवान विष्णु के प्रतीक वासुदेव पीपल वृक्ष का प्रदक्षिणा यथा सामग्री के साथ मनोकामना पूर्ति हेतु सुबह से ही किए जाने का क्रम शुरू हो गया था जो देर शाम तक निरंतर चलता रहा। महिलाओं ने 108 फेरी अपने शक्ति सामर्थ के सामग्री के साथ प्रदक्षिणा करते रहे।



## चाक चौबंद रही पुलिस व्यवस्था

पंडित राजेश पाठक ने बताया कि सोमवती अमावस्या के शुभ पावन अवसर पर महिलाओं के द्वारा पीपल वृक्ष का प्रशिक्षण किया जाना उनके मन वांछित मनोकामना की पूर्ति करता है तथा पति संतान तथा परिवार समाज के सुख समृद्धि यशस्वी एवं लंबे जीवन की कामना प्रदान करता है यह वर्ष में दो-तीन ही बार आता है। सोमवती अमावस्या अति शुभ फलदाई है और खासकर पौष मास की अमावस्या तो अति उत्तम श्रेष्ठ है सभी मनोकामना पूर्ति करता है। पौष मास की सोमवती अमावस्या के पावन शुभ अवसर पर बाहर से आए हजारों की तादाद में भक्त श्रद्धालुओं तीर्थ यात्रियों ने पावन सलिल मां नर्मदा जी के रामघाट, पुष्कर तट तथा अरंडी संगम नर्मदा तट में डुबकी लगाई। स्नान दर्शन पूजन अर्चन अभिषेक कर पुण्य लाभ अर्जित किया तथा नर्मदा मंदिर में लाइन लगकर दर्शन लाभ लिया। अमरकंटक में हजारों की संख्या में महिलाएं पुरुष आए हुए थे रामघाट तक कोटि तीर्थ गांधी कुंड में भारी भीड़ भाड़ रही। सुरक्षा व्यवस्था हेतु पुलिस बल भी सभी स्थलों पर चाक चौबंद रह कर तैनात रहे। अमरकंटक में इन दिनों छुट्टियां रहने के चलते भारी भीड़ भाड़ हो रही है।

## कोयलांचल में भी रही चहल पहल

कोतमा मे काफी संख्या में महिलाओं ने नगर के ठाकुर बाबा धाम मंदिर, पंचायती मंदिर, धर्मशाला मंदिर, शारदा काली मंदिर, जकीरा चौक, गौरीशंकर मंदिर, पुरानी बस्ती, रेस्ट हाउस रोड, विकास नगर, गोविंदा कालोनी, लहसुई कैंप मे पीपल वृक्ष की 108 बार फेरी लगा सुख समृद्धि की मंगलकामना की। पीपल वृक्ष में त्रिदेव ब्रह्मा, विष्णु और महेश का वास है। इसका धार्मिक, आध्यात्मिक और सांस्कृतिक महत्व भी है। पीपल वृक्ष की परिक्रमा करने के पीछे मान्यता है कि इससे न केवल स्वास्थ्य लाभ होता है, बल्कि जीवन में सुख, शांति और समृद्धि भी आती है। महिलाओं ने सुबह स्नान कर नए वस्त्र धारण कर पीपल के पेड़ के चारों ओर 108 बार परिक्रमा की। इस अवसर पर धार्मिक स्थलों और मंदिरों में भी विशेष आयोजन हुए। पंडित सुशील कुमार द्विवेदी ने बताया कि सोमवती अमावस्या के दिन पीपल वृक्ष की पूजा और परिक्रमा करने से पितृदोष से मुक्ति मिलती है। पीपल वृक्ष को हिंदू धर्म में अत्यंत पवित्र और महत्वपूर्ण माना जाता है। जड़ में भगवान ब्रह्मा जी जड़, विष्णु जी मध्य भाग और शिव जी शाखाओं और पत्तों में निवास करते हैं। इस कारण पीपल वृक्ष की पूजा करने से तीनों देवताओं की कृपा प्राप्त होती है। ऐसी मान्यता है कि पीपल के वृक्ष की परिक्रमा करने और उसकी सेवा करने से व्यक्ति के सारे दुख दूर हो जाते हैं। पीपल जीवनदायनी पेड़ है। यह धार्मिक दृष्टि के साथ ही पर्यावरणीय दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है। इस वृक्ष के प्रति श्रद्धा और सम्मान प्राचीन ग्रंथों और परंपराओं में गहराई से जुड़ा हुआ है।

### पर्यटन और विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा अमरकंटक

# एक साल में चालीस लाख पर्यटकों ने किया प्रमुख पर्यटन स्थलों का भ्रमण

**अनूपपुर/अमरकंटक।** मध्यप्रदेश के अनूपपुर जिले में स्थित अमरकंटक, धार्मिक और प्राकृतिक सौंदर्य का अद्वितीय संगम, अब साहसिक पर्यटन के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित कर रहा है। मां नर्मदा के उद्गम स्थल के रूप में प्रसिद्ध यह स्थान अब केवल धार्मिक नहीं, बल्कि साहसिक और प्राकृतिक पर्यटन का प्रमुख केंद्र बनता जा रहा है। दरअसल, अमरकंटक धार्मिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। यहां स्थित कल्चुरी कालीन प्राचीन मंदिर समूह और जैन मंदिर की वास्तुकला श्रद्धालुओं और पर्यटकों को आकर्षित करती है। नर्मदा, सोन और जोहिला नदियों के उद्गम स्थल के साथ-साथ कपिलधारा और दुग्धधारा जैसे विख्यात जलप्रपात इसे प्रकृति प्रेमियों के लिए भी स्वर्ग बनाते हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार वर्ष 2024 में लगभग 40 लाख पर्यटकों ने जिले के प्रमुख पर्यटन स्थलों का भ्रमण किया है। अमरकंटक की यह बदलती तस्वीर न केवल पर्यटकों को एक नया अनुभव दे रही है, बल्कि स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी सुदृढ़ बना रही है। आने वाले समय में यह स्थल पर्यटन और विकास के लिए एक मिसाल बनेगा।





## एडवेंचर गतिविधियों की नई शुरूआत

मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड और जिला प्रशासन के सामूहिक प्रयासों से अमरकंटक में अब हॉट एयर बैलून, पैरासेलिंग, रोपवे जंपिंग, बोटिंग और मोटर बाइक राइड जैसी रोमांचक गतिविधियां शुरू हो चुकी हैं। सभी आयु वर्ग के पर्यटकों के लिए यह गतिविधियां एक अनोखा अनुभव प्रदान कर रही हैं। इसके अलावा, कपिलधारा वाटरफॉल पर शुरू किया गया कैंटीलीवर ग्लास व्यू प्वाइंट एडवेंचर पर्यटन को और भी खास बना रहा है।

## ईको टूरिज्म और होमस्टे का विस्तार

शंभूधारा क्षेत्र में इको टूरिज्म स्पॉट विकसित कर ट्रेकिंग रूट चिन्हांकित किये गए हैं, शम्भूधारा से पंच धारा होते हुए कपिलधारा और कबीर चबूतरा से रूद्रगंगा होते हुए सोनमुड़ा का ट्रेक पर्यटकों को प्रकृति के अद्भुत सौन्दर्य को करीब से देखने का अनुभव देगा जो बहुत ही रोमांचित कर देने वाला है। अमरकंटक से पुष्पराजगढ़ मार्ग पर ग्राम उमरगोहान में होमस्टे की सुविधा पर्यटकों के लिए ठहरने के विकल्प बढ़ा रही है। यह होमस्टे न केवल स्थानीय समुदाय के लिए रोजगार के अवसर प्रदान करेंगे, बल्कि पर्यटकों को ग्रामीण जीवन का अनुभव करने का भी मौका देंगे।

## विकास कार्यों से बदलती तस्वीर

अमरकंटक में प्रसाद योजना के तहत विभिन्न विकास कार्य तेजी से पूरे किए जा रहे हैं। नर्मदा लोक का कार्य स्वीकृत होकर शीघ्र ही प्रारंभ होने वाला है। उल्लेखनीय है कि जिला प्रशासन के द्वारा प्रति वर्ष अमरकंटक में माँ नर्मदा जन्मोत्सव बड़े ही धूम धाम से मनाया जाता रहा है। इसी क्रम में 2, 3 और 4 फरवरी को होने जा रहे आयोजन की तैयारियां भी जोरों पर हैं।

## पर्यटकों की संख्या में हो रही लगातार बढ़ोत्तरी

अमरकंटक में पर्यटकों की संख्या लगातार बढ़ रही है, जो इसकी लोकप्रियता में हो रहे इजाफे को दर्शाता है। वर्ष 2023 में जहां 36,12,056 पर्यटक पहुंचे, वहीं 2024 में यह संख्या बढ़कर 39,56,675 हो गई। इसमें 2023 में 56 विदेशी पर्यटक थे, जबकि 2024 में यह संख्या घटकर 23 रह गई। हालांकि, देशी पर्यटकों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, जो स्थानीय और साहसिक पर्यटन गतिविधियों के विस्तार और विकास कार्यों का परिणाम है।

## इनका कहना है

अमरकंटक में पर्यटन को बढ़ावा देने निरंतर विकास कार्य किये जा रहे हैं, सभी स्थलों की स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। अमरकंटक को एडवेंचर टूरिज्म के रूप में भी विकसित किया जा रहा है आने वाले दिनों में अमरकंटक का एड्वेंचर टूरिज्म पर्यटकों के लिए प्रमुख आकर्षण का केंद्र बनेगा

**हर्षल पंचोली**
**कलेक्टर, अनूपपुर**

अमरकंटक प्रदेश के ऐतिहासिक स्थल के तौर पर देखा जाता है, वहां पर्यटकों के लिए नित नये नवाचार किये जा रहे है। उसी के परिणाम के तहत अमरकंटक व आसपास के क्षेत्रों में पर्यटकों का अपार स्नेह मिल रहा है, अगले वर्ष भी पर्यटक विभाग क्षेत्र में नए नवाचार कर ये आंकड़ा और बढ़ाने के कोशिश की जायेगी।

**श्रीमती विदिशा मुखर्जी,**
**अपर प्रबंध संचालक**
**पर्यटन विभाग**
**मध्य प्रदेश**

### हाथियों के नुकसान पर निरीक्षण कर राहत प्रकरण किया जा रहा तैयार

# एक सप्ताह से जिले में तांडव कर रहे दो हाथी, चार मकान एक दुकान में तोड़फोड़

**अनूपपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य से 7 दिन पूर्व आए दो नर हाथी शनिवार के दिन वन परिक्षेत्र एवं तहसील जैतहरी के ग्राम पंचायत गोबरी के जंगल से निकलकर शनिवार की शाम वन परिक्षेत्र एवं तहसील अनूपपुर के दुधमनिया बीट तथा ग्राम पंचायत पगना के ग्राम बांका, ग्राम पंचायत दुधमनिया के ग्राम दुधमनिया, केकरपानी ग्राम पंचायत बैहार के डालाडीह, दोखहाटोला के गांव एवं जंगल में विचरण करते रविवार को पूरे दिन केकरपानी, डालाडीह के जंगल में विश्राम करने बाद देर रात ग्राम पंचायत औढेरा के ग्राम अकुआ पहुंचकर पूरी रात चहलकदमी करते हुए बैगा का समाज के चार ग्रामीणो के घरों खेत-बांड़ी में तोड़फोड़ कर खाने पीने की सामग्री को खाते हुए एक किराना दुकान में तोड़फोड़ कर सोमवार की सुबह से अकुआ एवं डालाडीह के बीच के जंगल में विश्राम कर रहे हैं शनिवार एवं रविवार की रात ग्रामीण अंचलों में जंगलों से निकलकर आए दोनों हाथियों को ग्रामीण अंचलों के बीच बस्ती में घुसने से रोकने का प्रयास किया गया जिसमें केकरपानी, दुधमनिया, बांका, बैहार के दुखवाटोला आदि गांव के लोग सफल रहे लेकिन रविवार की रात दोनों हाथी अकुआ गांव में यादव मोहल्ला से बैगान मोहल्ला में पूरी रात बीच बस्ती में घुसकर तांडव मचाते रहे इस बीच ग्रामीणों के साथ वनविभाग की टीम हाथियों को बीच बस्ती से भगाने की कोशिश में लग रहे किंतु सुबह होने तक दोनों हाथी विभिन्न तरह के प्रयासों के बाद भी अकुआ गांव के बीच बस्ती में तोड़फोड़ कर खाने-पीने बाद ही सोमवार की सुबह होने पर जंगल की ओर विश्राम करने के लिए रवाना हुये दोनों हाथियों के अकुआ गांव जो बैगा बाहुल्य है के बीच बस्ती में विचरण करने से दहशत पर आए ग्रामीणों में वृद्ध जन, महिलाएं एवं बच्चे पूरी रात प्रधानमंत्री आवास से मिले आवासों की छतों मे चढ़कर रात बिताते रहे सोमवार को जनपद पंचायत जैतहरी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी लालबहादुर वर्मा, मोहम्मद निसार, ग्राम पंचायत औढेरा सचिव राजू नायक एवं अन्य के साथ हाथी द्वारा किए गए नुकसान के स्थलो का निरीक्षण कर ग्रामीणों के साथ बैठक लेकर हाथियों पर निगरानी रखने हेतु हाथी मित्र दल बनाये जाने उन्हें टॉर्च दिए जाने का आश्वासन देते हुए देर रात होने पर ग्रामीणों को सुरक्षित रहने की बात कही इस दौरान हल्का पटवारी द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर हाथियों द्वारा नुकसान किए गए स्थलों का निरीक्षण कर राहत प्रकरण तैयार किया गया।



# 3 जनवरी को होगा श्याम बहादुर नम्र की स्मृति में विमर्श एवं रचना पाठ

### म.प्र. उर्दू अकादमी का करेगा आयोजन

अनूपपुर। म.प्र.शासन संस्कृति विभाग द्वारा संचालित मध्य प्रदेश उर्दू अकादमी जिला अनूपपुर के समन्वयक दीपक अग्रवाल से प्राप्त जानकारी के अनुसार मध्य प्रदेश उर्दू अकादमी की निदेशक डॉ. नुसरत मेहदी के निर्देशन और मार्गदर्शन में सिलसिला कार्यक्रम के तहत आगामी 3 जनवरी को अनूपपुर में मध्य प्रदेश उर्दू अकादमी द्वारा इस अंचल के प्रख्यात शिक्षाविद् साहित्यकार श्याम बहादुर नम्र की पुण्यतिथि पर उनकी स्मृति में दोपहर 3 बजे से शासकीय उत्कृष्ट हायर सेकेंडरी स्कूल चेतनानगर अनूपपुर में स्मृति प्रसंग, विमर्श और रचनापाठ का कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। यह आयोजन अनूपपुर शहडोल और उमरिया जिले का संयुक्त आयोजन है। जिसमें तीनों जिलों के प्रतिभागी रचनाकार भाग लेंगे। साथ ही विशेष आमंत्रित अतिथि के तौर पर कटनी के वरिष्ठ शायर सतीश आनंद उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में नम्र को श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ ही उनके परिजनों को सम्मानित किया जाएगा।



मुख्य वक्ता के तौर पर शहडोल के वरिष्ठ समाजसेवी राम अवतार गुप्ता और उमरिया के वरिष्ठ साहित्यकार संतोष कुमार द्विवेदी रहेंगे। संभाग भर के सभी वरिष्ठ रचनाकार इस कार्यक्रम में आ रहे हैं जिनमें शहडोल से पूर्व अग्रणी महाविद्यालय प्राचार्य और पेंशनर क्लब के संभागीय अध्यक्ष डॉ. परमानन्द तिवारी वरिष्ठ शायर मो. कासिम इलाहाबादी, बृजमोहन सराफ बशर, पंडित शंभू नाथ शुक्ला महा विश्वविद्यालयके हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. गंगाधर ढोके, अकादमी सम्मान से सम्मानित डॉ. प्रियंका त्रिपाठी, शानदार तरन्नुम और आवाज के जाने-माने शायर राजिंदर सिंह 'राज', कवयित्री श्रीमती किरण सिंह 'शिल्पी शिरकत करेंगी।

वहीं उमरिया जिले से सुप्रसिद्ध वरिष्ठ नवगीतकार, दोहाकार डॉ. रामनिहोर तिवारी, वरिष्ठ शायर मो. नसीर अंसारी 'नाजुक', सुरीली गीतकार श्रीमती रंजना गौतम, युवा शायर कुलदीप कुमार, तन्मय मिश्रा और आयुष सोनी रचनापाठ करेंगे, वहीं अनूपपुर जिले से वरिष्ठ कवि गिरीश पटेल, जैतहरी के सीनियर शायर फ़ैय्याज हसन, ख्यातिलब्ध हास्य व्यंग्य कवि पवन छिब्बर, कवयित्री सुधा शर्मा एडवोकेट, अग्रणी तुलसी महाविद्यालय अनूपपुर के हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ.नीरज श्रीवास्तव, कवयित्री आकांक्षा शुक्ला, कोतमा के शायर यासीन खान, अविनाश अग्रवाल सहित अन्य रचनाकार सम्मिलित होंगे। दीपक अग्रवाल ने जिले के समस्त रचनाकारों, पत्रकारों, शिक्षकों और नागरिकों से सम्मिलित होने का अनुरोध किया है।

# अनूपपुर से गुजरने वाली 13 गाड़ियों के समय सारिणी में किया गया आंशिक परिवर्तन

### एक जनवरी से 45 पैसेंजर, 81 मेमू एवं 20 डेमू ट्रेनों को नियमित नंबर से चलाया जाएगा

अनूपपुर

भारतीय रेलवे की समय सारणी में 01 जनवरी से आंशिक परिवर्तन किया गया है। गाडियों के परिचालन में प्रस्थान से आगमन तक के समय में गति बढाते हुये कई घंटो की परिचालन समय की बचत के लिए समय सारणी में परिवर्तन किया जाता है। इन आवश्यक कार्यो को निरंतर करते रहने से विभिन्न सेक्शनों में मेल एक्सप्रेस गाड़ियो में 10 मिनट से लेकर 55 मिनट तक एवं पैसेंजर गाड़ियों में 05 मिनट से लेकर 20 मिनट तक के परिचालन समय में (प्रस्थान स्टेशन से आगमन) बचत होगी। इसी प्रकार दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में भी 1 जनवरी से लागू होने वाली नई रेलवे समय-सारणी में इस रेलवे से चलने वाली एवं होकर गुजरने अप दिशा एवं डाउन दिशा की 131 स्टेशनों में गाडियों का परिचालन समय बदलाव किया गया है। अन्य स्टेशनों में समय सारणी यथावत रहेगी। इस रेलवे में 45 पैसेंजर, 81 मेमू एवं 20 डेमू सहित 146 गाड़ियों को एक जनवरी से नियमित नंबर से चलाया जाएगा। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की अप दिशा एवं डाउन दिशा की ट्रेनों में 131 स्टेशनों में गाड़ियों की समय सारणी में आंशिक परिवर्तन किया गया एवं अन्य रेलवे स्टेशनों में समय सारणी यथावत रहेगी।

अनूपपुर से गुजरने वाली 13 गाडियों के समय सारणी में परिवर्तन करते हुए 12 गाडियों का समय 3 से 15 मिनट घटाया गया वहीं एक गाडी का 4 मिनट बढ़ाया गया हैं। जबलपुर से अंबिकापुर का समय 6:30 जिसे 6:15 किया गया है। दुर्ग भोपाल अमरकंटक एक्सप्रेस जो रात में 11:32 पर आती है अब 11:27 बजे किया गया है। इसी प्रकार से भोपाल से चलकर दुर्ग जाने वाली अमरकंटक एक्सप्रेस का अनूपपुर आगमन 2:28 से घटते हुए 2:25 मिनट किया गया है। दुर्ग छपरा सारनाथ की आगमन का समय 2:02 से घटकर 1:57, बरौनी से चलकर गोंदिया जाने वाली को 5 मिनट काम करते हुए अब यह गाड़ी 9:46 पर अनूपपुर आएगी। दुर्ग कानपुर एक्सप्रेस एवं नौतनवा दुर्ग 6:32 के बजाय 6:20 पर अनूपपुर आएगी। इंदौर बिलासपुर नर्मदा एक्सप्रेस का समय 4 मिनट बढ़ाते हुए अब 10:36 पर आएगी। बिलासपुर इंदौर नवोदय एक्सप्रेस 2:32 पर आएगी, अंबिकापुर दुर्ग के समय में 5 मिनट काम करते हुए अब यह गाड़ी 2:05 आएगी। बिलासपुर रीवा के समय में 5 मिनट पहले अनूपपुर आएगी। दुर्गा उधमपुर एक्सप्रेस गाड़ी शाम 4:15 पर पहुंचेगी एवं दुर्ग निजामुद्दीन एक्सप्रेस शाम 4:15 की बजाय दो पर आएगी।

# ग्राम सरसा में हुआ पारंपरिक शैला नृत्य का आयोजन



**मेंहदवानी** :विकास खंड मेंहदवानी के ग्राम सरसा में रविवार को आदिवासी परंपरा एवं रीति रिवाज अनुसार इस वर्ष भी पारंपरिक शैला नृत्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें ग्राम के सभी उपस्थित महिला पुरुष के साथअपने ग्राम की खरना में सभी महिला पुरुष छोटे-छोटे बच्चें पारंपरिक सांस्कृतिक कार्यक्रम शैला रीना ददरिया सुवा गीत नृत्य कार्यक्रम में भाग लिया। इस तरह से गांव में त्योहार जैसा माहौल रहा। जिसमें मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद की अंतर्गत नवांकुर संस्था ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति ददरा टोला सरसा सेक्टर कमांक 03 कठौतिया संस्था प्रभारी श्री जितेन्द्र सिंह परस्ते का बहुत ही अच्छा सहयोग रहा। मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड मेंहदवानी सेक्टर कृमांक 03कठौतिया जो की ग्रामवासियों के साथ शैला का कार्यक्रम में बड़ चड कर भाग लेते हुए शैला सांस्कृतिक कार्यक्रम को सफल बनाया।

# मेंहदवानी में श्रीराम धुन कीर्तन से होगा नए वर्ष का आगाज



**मेंहदवानी** के सहना टोला हनुमान मंदिर में प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी नए वर्ष का आगाज श्रीराम धुन कीर्तन के साथ होगा।

श्रीराम धुन कीर्तन 31जनवरी को प्रारंभ हो रहा है जो 1 जनवरी तक चलेगा इसके बाद विशाल भंडारे के साथ समापन किया जाएगा। संगीतमय श्रीराम धुन कीर्तन को लेकर सारी तैयारियां पूरी हो चुकी है। समिति के द्वारा श्रीराम धुन कीर्तन कार्यक्रम में श्रद्धालुओं को अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर धर्म लाभ लेने की अपील किया गया है। इसी तरह मां नर्मदा तट कोसमघाट में भी मां रेवा सेवा समिति के द्वारा 29 जनवरी से श्रीराम धुन कीर्तन का आयोजन किया गया था जिसका समापन 30 जनवरी को विशाल भंडारे के साथ किया गया है।

## खबर संक्षेप

### सुंदरकांड का आयोजन आज

**नरसिंहपुर।** जिला मुख्यालय पर पत्रकार जनसंवाद केंद्र मे पत्रकारों द्वारा सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया जा रहा है। उक्त संबंध में बताया गया कि नव वर्ष की पूर्व संध्या पर तथा बीते वर्ष की अंतिम संध्या पर शाम 7 बजे भजन कीर्तन कर स्वागत एवं विदाई दी जावेगी। कार्यक्रम में संगीतज्ञ कलाकारों के द्वारा संगीतमय सुंदरकांड पाठ की प्रस्तुति दी जावेगी।

### पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित



**नरसिंहपुर।** विगत दिवस पीएमश्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस पीजी कालेज आगाज इंटर्न श्रुति गुप्ता के द्वारा बाल मजदूरी विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने पोस्टर प्रतियोगिता में भाग लिया और बाल मजदूरी विषय पर पोस्टर बनाएं एवं बाल मजदूरी को जानने का प्रयास किया उन्होंने जाना की बाल मजदूरी क्या है और उसे रोकने का प्रयास करने के लिए आश्वासन दिया प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कंचन कुमारी, द्वितीय स्थान गुनगुन यादव और तृतीय स्थान सीता पटेल ने प्राप्त किया ।

### सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों का निरीक्षण



**नरसिंहपुर।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एसएस ठाकुर ने जिले की सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र रौंसरा, राजमार्ग व तेंदूखेड़ा और प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र चॉवरपाठा व बरमान का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सीएमएचओ डॉ. ठाकुर ने दवाइयों की उपलब्धता व पैथोलॉजी लैब में की जा रही समस्त प्रकार की जांचों का जायजा लिया। प्रसव केंद्र में मिलने वाली स्वास्थ्य सेवाओं एवं अन्य स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी ली।

### आग लगने से फलों की तीन दुकानें जलकर खाक





**तेंदूखेड़ा।** रविवार सोमवार की दरमियानी रात को पुराने बस स्टैंड पर आग लगने से तीन फलों की दुकानें जलकर राख हो गई जिससे पीड़ित पक्ष के सामने एक जीवकोपार्जन का संकट खड़ा हो गया है। रात्रि करीब साढ़े तीन बजे लगी इस आग को बुझाने में दुकानदारों को काफी मशक्कत करनी पड़ी। प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर के पुराने बस स्टैंड पर लंबे समय से अंशुल पिता जगदीश सेन शिवम पिता राजेंद्र उर्फ राजू माहोरे और अशोक पिता सुरेश सेन फलों की दुकानें लगाया करते हैं। और उसी से अपने परिवार का भरण-पोषण किया करते हैं।इनके अलावा और भी फलों मनहारी तथा पान की दुकानें यहां पर लगा करतीं हैं। पूर्व में भी यहां पर आगजनी की बड़ी बड़ी घटनाएं घटित हो चुकी है। गंभीर हादसों से भी बड़ी मुश्किल से बचाया जा सका है।दिन भर बिक्री के बाद रात में दुकानदार अपने अपने घर चले जाते हैं। इन दुकानों के इलेक्ट्रॉनिक तौल कांटों के साथ फल और रुपयों की चोरी की घटनाएं भी घटित हो चुकी है।

**कैमरे फुटेज में आया आग लगाने वाला आरोपी** - आग लगने के बाद सब कुछ खाक हो जाने के साथ बिजली की केबिल लाइन भी जल गई थी विद्युत कर्मियों ने भी रात्रि में पहुंच कर तत्काल लाइन बंद कर दी थी नहीं तो और भी बड़ी समस्या उत्पन्न हो जाती। आग कैसे लगी को लेकर तरह-तरह के अनसुलझे सवाल खड़े हो रहे थे। लोगों को सार्ट सर्किट से आग लगने की अशंका बनीं हुई थी। लेकिन सीसीटीवी कैमरों की मदद से सुबह जब खंगाला गया तो आजाद खान नामक व्यक्ति इसमें लिप्त पाया गया है।जिसे पुलिस ने गिरफ्तार भी कर लिया है। लेकिन इस घिनोनी हरकत से हर वर्ग ने कटु शब्दों में निन्दा करते हुए आरोपी को कठोर दंड देने की मांग की है।

**इनका कहना है**

आरोपी को फुटेज के आधार पर गिरफ्तार कर लिया गया है लेकिन वह अत्यधिक नशे की हालत में है। घटना को देखते हुए धारा 436 के तहत मामला कायम कर जेल भेजने की कार्रवाई सुनिश्चित की जायेगी।

**बी एस चौधरी थाना प्रभारी तेंदूखेड़ा**

# कलेक्टर ने जनकल्याण पर्व एवं राजस्व महाअभियान की समीक्षा

## शिविरों में नोडल अधिकारी रहे मौजूद, समय सीमा की बैठक में कलेक्टर ने दिये निर्देश







हरिभूमि न्यूज़ - नरसिंहपुर।

सोमवार को कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने समय सीमा की बैठक में मुख्यमंत्री जनकल्याण पर्व, राजस्व महाअभियान 3.0 और सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों की गहन समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये। बैठक में कलेक्टर श्रीमती पटले ने कहा कि राज्य शासन द्वारा मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान चलाया जा रहा है। इसमें 34 हितग्राही मूलक, 11 लक्ष्य आधारित और 63 अन्य सेवाओं को आम नागरिकों तक सहज रूप से पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। कलेक्टर ने निर्देश दिये कि मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के दौरान नगरीय निकायों व ग्राम पंचायतों में आयोजित होने वाले शिविरों में प्राप्त आवेदनों का निराकरण तत्परता से करें।

### परंपरागत रास्तों का करें चिन्हांकन

शिविर के दौरान प्राप्त होने वाले आवेदनों को पोर्टल पर अपलोड करें। अभी तक प्राप्त आवेदनों में शेष आवेदनों का निराकरण तय समय सीमा में सुनिश्चित करें। नगरीय निकायों के वार्डों व ग्राम पंचायतों में लगाये जाने वाले शिविरों में नोडल अधिकारी अनिवार्य रूप से मौजूद रहें। राजस्व महाअभियान 3.0 की समीक्षा के दौरान कलेक्टर को अवगत कराया गया कि जिले में बंटवारा, सीमांकन व परंपरागत रास्तों के चिन्हांकन संबंधी कार्य शतप्रतिशत किया जा चुका है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि लंबित राजस्व प्रकरणों का तत्परता से निराकरण किया जावे। बैठक में कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन में अच्छा कार्य करने वाले अधिकारियों को बधाई दी।

### सीएम हेल्पलाइन शिकायतों की समीक्षा

उन्होंने कहा कि इसी तरह सीएम हेल्पलाइन पर प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध तरीके से निराकरण सुनिश्चित किया जाये। विदित है कि नवम्बर माह में जिला ए ग्रेडिंग में रहा है। आयुष्मान कार्ड की प्रगति की भी विस्तृत समीक्षा कलेक्टर ने की। उन्होंने पाया कि जिले में तय लक्ष्यों की तुलना में आयुष्मान कार्ड बनाने के कार्य में प्रगति नहीं है। आशा कार्यकर्ता, सुपरवाइजर अपने क्षेत्र में इस पर ध्यान दें। आयुष्मान कार्ड बनाने की दिशा में बेहतर प्रयास करने वाले अमले को सम्मानित करने और असंतोषजनक कार्य करने वालों का वेतन आहरण नहीं करने के निर्देश बैठक में दिये।

### पंचायतों में आयोजित हो जनसंवाद कार्यक्रम

बैठक में विजन डॉक्यूमेंट 2047 पर भी चर्चा की गई। उल्लेखनीय है कि मध्यप्रदेश सरकार द्वारा प्रदेश के सर्वांगीण और समावेशी विकास की दिशा में अग्रसर होने एवं वर्ष 2047 तक विकसित भारत के साथ- साथ मध्यप्रदेश को भी विकसित राज्य बनाने के उद्देश्य से विकसित मध्यप्रदेश/2047 विजन डॉक्यूमेंट तैयार किया जा रहा है। जनप्रतिनिधियों, महिलाओं, युवाओं, किसानों, वंचित समुदायों, उद्योगों से जुड़े लोगों और अन्य नागरिकों की सहभागिता सुनिश्चित करते हुए प्रत्येक नगरीय निकाय नगर पालिका में जोनवार और ग्राम पंचायतों में जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किये जायें। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को अपने विभाग से संबंधित विजन डॉक्यूमेंट तैयार करने के निर्देश दिये। बैठक में सीईओ जिला पंचायत दलीप कुमार, अपर कलेक्टर श्रीमती अंजली शाह, एसडीएम और विभिन्न विभागों के जिला प्रमुख मौजूद थे।

# पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय मनमोहन सिंह को दी गई श्रद्धांजलि



हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।

गत दिवस कांग्रेसजनों द्वारा इंदिरा स्मारक स्थल पर पूर्व प्रधानमंत्री स्व मनमोहन सिंह को श्रद्धांजलि दी गई। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मनोहर लाल साहू ने उनके अंतिम संस्कार स्थल के निर्णय पर सरकार की रवैया पर निराशा प्रकट की। आशीष दुबे ने कहा कि उनका जीवन सादगी भरा रहा। वरिष्ठ साहित्यकार अजय तुलसी ने उनके आर्थिक नीति को क्रांतिकारी बताया, जनपद उपाध्यक्ष कंछेदी पटेल ने कहा कि ऐसा नेता अब कभी संसद में नहीं दिखाई देगा ,पार्षद अब्दुल हकीम खान ने बताया कि मनमोहन सिंह सदैव सभी सांसदों से संवाद कर संसद का सुचारू संचालन किया करते थे, वरिष्ठ नेता अजय दुबे ने कहा वे भारतीय राजनीति में योग्यता और सरलता की जीती जागती मिसाल थे, आमसभा में तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने इसकी घोषणा की जिसके हमारा क्षेत्र सदैव ऋणी रहेगा। कार्यक्रम का संचालन जिला कांग्रेस महामंत्री अजय मालवीय ने किया। इस मौके पर अनेक कांग्रेस जन एवं आमजन उपस्थित रहकर श्रद्धांजलि अर्पित की। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में वीरेंद्र पाठक, नवाब उस्मानी, विजय उमरे अतुल चौरसिया, अनवर भाई, सुनील पाली, रफीक खान, दुलीचंद नेमा, एड संजय राजपूत, एड सुनील श्रीवास्तव, एड रंजीत पटेल, एड बॉबी खान, विशाल राय, पूर्व पार्षद राजेश पाठक, रितेश नामदेव, ऋषि जाट, सौरव रिछारिया, अरविंद पटेल, प्रियंक कहार, संजय मेहरा, कैलाश नौरिया, आजाद ताज, आजाद खान, वाहिद खान, इस्माइल खान, आदि साथी उपस्थित रहे।

# आशा कार्यकर्ताओं ने अपनी मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।

सोमवार को जिले की आशा उषा आशा पर्यवेक्षक एकता यूनियन के नेतृत्व में जिले की आशा कार्यकर्ताओं ने कलेक्टर और सीएमएचओ के नाम डिप्टी कलेक्टर मनोज चौरसिया को ज्ञापन सौंपा। जिसमें उन्होंने पिछले 2 महीनों से लंबित मानदेय भुगतान और अन्य समस्याओं के समाधान की मांग की है। ज्ञापन में बताया गया है कि जिले की आशा कार्यकर्ता लगातार स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान कर रही हैं। समय पर अपने कार्यों का निर्वहन कर रही हैं। जिला और विकासखंड स्तर पर पिछले 2 महीने से उनके मानदेय का भुगतान नहीं किया गया है। भुगतान प्रक्रिया में अनावश्यक देरी कर उन्हें परेशान किया जा रहा है। ज्ञापन मे मांग की गई है कि राज्य स्तर से मिशन संचालक ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि जब तक आशा कार्यकर्ताओं का भुगतान नहीं होता, तब तक संबंधित जिला और विकासखंड अधिकारियों का भी भुगतान रोका जाए। इसके बावजूद एनएचएम संविदा कर्मचारी और राज्य के नियमित कर्मचारियों को समय पर भुगतान किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि पिछले दो माह से उन्हें किसी भी प्रकार की प्रेरक राशि का भुगतान नहीं किया गया है, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति पर बुरा प्रभाव पड़ा है। आशा कार्यकर्ताओं ने बकाया मानदेय का तुरंत भुगतान किया जाए, दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई की जाए। भविष्य में भुगतान प्रक्रिया को नियमित किया जाए। उक्त मौके पर कीर्ति मेहरा, प्रीति विश्वकर्मा, विनीता मेहरा, लक्ष्मी चैधरी, भगवती बंशकार समेत अन्य आशा कार्यकर्ता मौजूद रही। उन्होंने कहा यदि उनकी समस्याओं का जल्द समाधान नहीं किया गया तो उन्होंने आंदोलन करने की चेतावनी दी है।



# नव वर्ष पर हुड़दंग पड़ेगी भारी

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।

नववर्ष पर हुड़दंग मचाने वालों पर कार्रवाई हेतु पुलिस द्वारा चाकचैबंद व्यवस्थायें बना बना ली है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर सभी थाना प्रभारियों को हुड़दंग मचाने वालों पर सख्त कार्यवाई के निर्देश दिये गये है। पुलिस के विशेष अभियान में आमजनों की सुरक्षा को लेकर चाकचैबंद रहेगी सुरक्षा व्यवस्था, शरारती तत्वों पर रहेगी पैनी नजर, शांति भंग करने वालों के विरूद्ध की जावेगी कठोर कार्यवाही। पुलिस द्वारा दो दिवसीय विशेष अभियान चलाया जाकर नियम विरूद्ध वाहन चलाने वालों के विरूद्ध चालानी कार्यवाही की जावेगी साथ ही फिक्स प्वाइन्ट के साथ-साथ पुलिस द्वारा पेट्रोलिंग भी की जा रही हे। जिला अंतर्गत आमजनों की सुरक्षा को लेकर चाक चौबंद सुरक्षा व्यवस्था रहेगी। शरारती तत्वों पर पैनी नजर बनाये हुई है। पुलिस द्वारा सभी थाना क्षेत्रों में फ्लैग मार्च निकाला गया। संवेदनशील स्थानों में फिक्स प्वाईन्ट लगाकर पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारियों की डियूटी लगायी गयी है। सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए लगातार वाहन चैकिंग, रेल्वे स्टेशन, बस स्टेण्ड, सार्वजनिक स्थलों की भी सर्चिंग की जा रही है एवं बाहर से आने-जाने वालों एवं संदिग्घों पर भी निगरानी रखी जा रही है। साथ ही संपूर्ण जिला अंतर्गत हुड़दंग करने वालों एवं शांति भंग करने वालों के विरूद्ध कठोर कार्यवाही की जावेगी।

# पूर्व राज्यमंत्री की जनसुनवाई, आये 105 आवेदन

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।



गत दिवस मध्यप्रदेश शासन के पूर्व राज्यमंत्री एवं नरसिंहपुर जिले के पूर्व विधायक जालम सिंह पटेल ने वर्ष 2024 के समापन के अवसर पर स्थानीय जनो की समस्याओं के निराकरण हेतु विधायक निवास पर की जनसुनवाई आयोजित की इस दौरान जिलें भर से आए जन सामान्य लोगो ने अपनी समस्याओं को आवेदन के माध्यम से बताया जिस पर तत्काल संज्ञान लेते हुए पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल ने संबंधित विभाग को अवगत कराते हुए जानकारी लेकर समस्याओं का निदान कराया जनसुनवाई में लगभग 105 आवेदनों की प्राप्ति हुई जिनपर संज्ञान लेते हुए उन्हें कार्यवाही हेतु आगे प्रेषित किया गया जनता की सेवा का संकल्प लेकर लगातार क्षेत्र के लोगो की समस्याओं को अपनी समस्या समक्ष कर उनका निदान कराना अपना कर्तव्य समझ कर कार्य कर रहे पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल ने बताया की जब जनता की सेवा करना प्रत्येक जनप्रतिनिधि का कर्तव्य होता है और उसकी जिम्मेदारी होती हैं की जिस जनता ने उस पर विश्वास किया है उस विश्वास पर वह खरा उतरे जिस दिन से हमनें जनता की सेवा का संकल्प लिया हैं उस दिन से हम जनता की सेवा में 24 घंटे तत्पर रहते है और जनता भी हम पर विश्वास कर हमारा सहयोग करती है आज समाप्त होते वर्ष का आखिरी दिन है इसलिए हमने आज यह जनसुनवाई आयोजित की जिससे लोगों को उनकी समस्याओ से इसी वर्ष निजात मिल सके उक्त जानकारी देते हुए विधायक मीडिया प्रभारी वैभव नेमा ने बताया उक्त जनसुनवाई के अवसर पर अनेक समाजसेवी जनप्रतिनिधि जनो की मौजूदगी रही।

# ग्राम नगवारा में तेंदुए ने किया गाय का शिकार, क्षेत्र में दहशत



**गोटेगांव।** समीपवर्ती ग्राम नंगवारा के जंगलों में रविवार को तेंदुए द्वारा एक गाय का शिकार करने की घटना ने ग्रामीणों के बीच दहशत फैला दी है। इस घटना के बाद गांव के लोगों का जंगल की ओर आना-जाना बंद हो गया है।वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और ग्रामीणों को सतर्क रहने के निर्देश दिए। वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि नंगवारा से कटकुही मार्ग पर लगभग 200 से 500 मीटर की दूरी पर तेंदुए की मौजूदगी पाई गई है। ग्रामीणों का कहना है कि पिछले कुछ दिनों में तेंदुए ने दो से तीन गायों का शिकार किया है। इस घटना से गांव के लोग भयभीत हैं और रात के समय घर से बाहर निकलने में डर महसूस कर रहे हैं। वन विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि घटनास्थल पर तेंदुए के पंजों के निशान मिले हैं। इन निशानों के आधार पर यह अनुमान लगाया गया है कि यह एक वयस्क तेंदुआ हो सकता है, जिसकी उम्र लगभग पांच साल है।अधिकारी ने स्पष्ट किया कि यह टाइगर नहीं है और मौजूदा साक्ष्य तेंदुए की ओर इशारा करते हैं। मौके पर एक गाय का शव भी मिला है, जो कि शिकार का प्रमाण है।

**वन विभाग के परचेस सहायक आर आर डेहरिया डूगरिया**

## श्री शंकराचार्य कप का फाइनल जीता महगुवा

**गोटेगांव।** समीपवर्ती प्रसिद्ध धार्मिक स्थल परमहंसी गंगा आश्रम के मेला प्रांगण में चल रहे श्री शंकराचार्य कप क्रिकेट टूर्नामेंट का विगत दिवस फाइनल मुकाबला महंगुवा 11और बघवार के बीच खेला गया सीमित 12 ओवरों का जिसमें बघवार ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए मात्र 59 रनों पर 11ओवर में ऑल आउट हो गई। जिसमें महंगुवा 11 के शानू खान ने 4 विकेट उदय पटेल ने 4 विकेट और अजमत खान ने 2 विकेट लिए जवाब में महंगुवा 11ने 4 विकेट खोकर 8 ओवर में 60 रन बना लिए जिसमें सैफ खान ने शानदार 38 रन की पारी खेली और इस तरह से महंगुवा 11 यह मुकाबला अपने नाम किया इस मौके पर महंगुवा11 के कप्तान तारिक खान ने उपस्थित सभी अतिथियों एवं प्रतियोगिता आयोजक समिति का आभार व्यक्त किया,इस मौके पर गोटेगांव विधायक महेंद्र नागेश ने खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन करते हुए विजेता टीम को शील्ड वितरित करते हुए दोनों टीमों के खिलाड़ियों को शुभकामनाएं प्रेषित की इस अवसर पर ब्रह्मचारी सुबोधनंद, ब्रह्मचारी अचलानंद,दिलावर खान,सोहन तिवारी एवं अन्य लोग उपस्थित रहे।






## राष्ट्रीय सेवा योजना का शिविर आयोजित

**गोटेगांव ।** समीपवर्ती ग्राम श्रीनगर में श्री जगतगुरु शंकराचार्य महाविद्यालय की महिला एवं पुरुष इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर का उद्घाटन ब्रह्मचारी अचलानंद के मुख्य अतिथि मे आदि शंकराचार्य शिक्षा विकास समिति श्रीनगर के अध्यक्ष कुंदनलाल अग्रवाल,प्रधान पाठक,सोमवती नादोनिया,श्याम सुंदर यादव चौकी प्रभारी दिलीप सिंह एवं महाविद्यालय समस्त स्टाफ के सानिध्य में संपन्न हुआ,मंचासीन अतिथियों में सर्वप्रथम राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रतीक पुरुष स्वामी विवेकानंद एवं ब्रह्मलीन पीठाधीश्वर स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती जी महाराज के तेल चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर सरस्वती वंदना की स्वागत उद्बोधन में राष्ट्रीय सेवा योजना के जिला संगठक एवं महाविद्यालय के मुखिया डॉ दिलीप पाठक ने अतिथियों के आगमन की प्रशंसा की वहीं चौकी प्रभारी दिलीप सिंह ने कहा समाज सेवा घर से शुरू कर पहले अपने माता-पिता की और अपने आस पड़ोस की सेवा करें,इस अवसर पर महाविद्यालय स्टाफ से प्रो.कमल पटेल,विवेक जैन,राहुल नेमा,दिलीप साहू,रोहित यादव उपस्थित रहे।